E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎/📠: 0512-2246609
☎/📠: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी0ओ0ई0 / 1037 / 2026 दिनांक : 21 / 07 / 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषयः सत्र 2025–26 एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर तथा परास्नातक तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म सबिमशन एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय / महोदया,**

कृपया आपको अवगत कराना है कि सत्र 2025–26 एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर (बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0, बी0काम0 (Honours), बी0एससी0 (Biotech.), बी0बी0ए0 व बी0सी0ए0), बी0लिब0 व एम0लिब0 प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर तथा परास्नातक तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर (एम0ए0, एम0एससी0 व एम0काम0) के विभिन्न पाठ्यक्रमों की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है, जिसका परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा। उक्त परीक्षाओं से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं हेतु ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सबिमशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 27.07.2026 तक निर्धारित की गयी है।

अतः आदेशानुसार, समस्त प्राचार्य / प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को अवगत कराते हुए उनका ऑन–लाइन परीक्षा फार्म सबिमशन एवं परीक्षा शुल्क जमा कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
2. वैय0 सहायक, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
3. पी.एम.यू. सेल / प्रभारी, कोडिंग।
4. गार्ड फाइल।

21/7/26
(हिमांशु शुक्ला)
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

Scanned with OKEN Scanner

E-mail coeoffice@csjmu.ac.in
: 0512-2246609
: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./1036/2026 दिनांक :21/07/2026

## कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा आदेशानुसार सत्र 2025–26 एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर (बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0, बी0काम0 (Honours), बी0एससी0 (Biotech.), बी0बी0ए0 व बी0सी0ए0), बी0लिब0 व एम0लिब0 प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर तथा परास्नातक तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर (एम0ए0, एम0एससी0 व एम0काम0) के विभिन्न पाठ्यक्रमों की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म पूरित कराये जाने है जिसकी अन्तिम तिथि 27.07.2026 तक निर्धारित की गयी है। उक्त परीक्षा में केवल सम्बद्ध महाविद्यालयों से सम्बन्धित निम्नलिखित छात्र/छात्रायें ही सम्मिलित हो सकेंगे:–

1. स्नातक पंचम सेमेस्टर के एक विषय में (एक प्रश्न–पत्र अथवा दोनों प्रश्न–पत्रों में) अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।
2. स्नातक षष्ठम सेमेस्टर के एक विषय में (एक प्रश्न–पत्र अथवा दोनों प्रश्न–पत्रों में) अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।
3. स्नातक पंचम सेमेस्टर के को–करीकुलर (Co-Curricular) विषय में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।
4. स्नातक षष्ठम सेमेस्टर के को–करीकुलर (Co-Curricular) विषय में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।
5. परास्नातक तृतीय सेमेस्टर के किसी एक प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।
6. परास्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के किसी एक प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।
7. स्नातक पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर के एक विषय की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।
8. परास्नातक तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के एक विषय की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।
9. स्नातक स्तर के षष्ठम सेमेस्टर के रिसर्च प्रोजेक्ट में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।
10. परास्नातक स्तर के चतुर्थ सेमेस्टर के लघुशोध प्रबन्ध में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रायें।

**नोटः– उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त यदि कोई अभ्यर्थी स्पेशल बैक पेपर परीक्षा में आवेदन करता है तो उसका परीक्षा फार्म महाविद्यालय वेरीफाईड न करें, ऐसे आवेदन विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को अवलोकनार्थ।
2. वैय0 सहायक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3. पी0एम0यू0 सेल/प्रभारी, कोडिंग।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

21/7/26
(हिमांशु शुक्ल)
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

Scanned with OKEN Scanner